बिहार के भोजपुर जिले में हुए भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग (बीएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। मामले को गंभीर मानते हुए आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव, डीजीपी और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

मानवाधिकार अधिवक्ता की याचिका पर हुई कार्रवाई

मुजफ्फरपुर के मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता डॉ. एस.के. झा ने भोजपुर एनकाउंटर मामले को लेकर बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अनंत मनोहर बदर 13 जुलाई 2026 को इस मामले की समीक्षा करेंगे।

बिलौटी गांव में हुई थी भरत भूषण तिवारी की मौत

गौरतलब है कि भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली और कार्रवाई को लेकर कई सवाल उठे थे तथा लापरवाही के आरोप भी सामने आए थे।

राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में दायर की गई याचिका

डॉ. एस.के. झा ने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। याचिका में मांग की गई है कि एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए और किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग

याचिका में दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है।

आयोग के कदम का स्वागत

डॉ. एस.के. झा ने बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि आयोग राज्य में मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर काफी सजग है। उन्होंने कहा कि आयोग पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और उच्च अधिकारियों से जवाब मांगकर सख्त रुख अपनाया है।

चार सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट

मानवाधिकार आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों से चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अब सभी की नजरें 13 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई और आयोग की समीक्षा पर टिकी हुई हैं।

**Dainik Bhaskar, Online News, 23/06/2026**

## Source: [https://www.bhaskar.com/g/local/bihar/muzaffarpur/news/bhojpur-encounter-bharat-tiwari-human-rights-commission-report-hearing-138260740.html](https://www.bhaskar.com/g/local/bihar/muzaffarpur/news/bhojpur-encounter-bharat-tiwari-human-rights-commission-report-hearing-138260740.html)

Hindi NewsLocalBiharMuzaffarpurBhojpur Encounter | Human Rights Commission Seeks Report From CS, DGP, SP

भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में 4 सप्ताह में मांगी रिपोर्ट:मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव-डीजीपी और भोजपुर एसपी से मांगा ब्योरा; 13 जुलाई को समीक्षा
मुजफ्फरपुर 14 घंटे पहले

भोजपुर में भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से 4 सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई और समीक्षा 13 जुलाई को की जाएगी।

यह कार्रवाई मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा की ओर से दायर याचिका पर की गई है। अधिवक्ता ने भोजपुर एनकाउंटर को लेकर बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली में अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की थीं।

एनकाउंटर की तस्वीरें...

एनकाउंटर की परिस्थितियों पर सवाल उठाए

मामला भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की मौत से जुड़ा है। परिजनों और याचिकाकर्ता की ओर से एनकाउंटर की परिस्थितियों पर सवाल उठाए गए हैं। इसी को लेकर आयोग ने मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अनंत मनोहर बदर की पीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से जवाब तलब किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 13 जुलाई को पूरे मामले की समीक्षा की जाएगी।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच हो

अधिवक्ता एस.के. झा ने अपनी याचिका में मांग की है कि एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। पूरे मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

अधिवक्ता झा ने आयोग की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग मानवाधिकारों के संरक्षण को लेकर गंभीर और सजग है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आयोग की निगरानी में मामले की निष्पक्ष जांच होगी और सच्चाई सामने आएगी।

## Source: https://www.livehindustan.com/national/story-human-rights-violation-bihar-human-rights-commission-takes-cognizance-of-encounter-case-201782142291443.amp.html

बिहार मानवाधिकार आयोग ने भरत भूषण एनकांउटर के मामले में तलब की रिपोर्ट
Jun 22, 2026 09:01 pm IST
Newswrap हिन्दुस्तान, आरा

-मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा की शिकायत पर आयोग ने लिया संज्ञान , भोजपुर के बिलौटी एनकाउंटर और भरत भूषण तिवारी की मौत के मामले में पुलिस की मुश्किलें बढ़ने वाली है। बिहार मानवाधिकार आयोग की ओर से इस...

-मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा की शिकायत पर आयोग ने लिया संज्ञान -मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ पुलिस अधीक्षक से मांगी गयी रिपोर्ट -राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी एनकाउंटर मामले में लिया संज्ञान आरा, हि.सं.। भोजपुर के बिलौटी एनकाउंटर और भरत भूषण तिवारी की मौत के मामले में पुलिस की मुश्किलें बढ़ने वाली है। बिहार मानवाधिकार आयोग की ओर से इस मामले में रिपोर्ट तलब की गयी है।

शिकायत की प्रक्रिया
मुजफ्फरपुर के मानवाधिकार के अधिवक्ता एस के झा की शिकायत पर आयोग की ओर से बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और भोजपुर पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले में तथ्य के साथ रिपोर्ट तलब की गयी है। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है।

कानूनी कार्यवाही
सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अनिकेश तिवारी की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें भोजपुर पुलिस पर सरेंडर करने और हथियार डालने के बाद भी भरत भूषण तिवारी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

मानवाधिकार का हनन
इधर, अधिवक्ता एस के झा की ओर से बिहार मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करायी गयी है कि आत्म समर्पण करने के बावजूद पुलिस ने बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। यह पूरा मानवाधिकार का हनन है।

## Source: [https://thewirehindi.com/331462/noida-minor-arrest-kins-question-up-police-version-after-nhrc-takes-suo-motu-cognizance/](https://thewirehindi.com/331462/noida-minor-arrest-kins-question-up-police-version-after-nhrc-takes-suo-motu-cognizance/)

नोएडा: किशोर की गिरफ़्तारी पर एनएचआरसी के संज्ञान के बाद पीड़ित परिवार का पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप

नोएडा श्रमिक आंदोलन मामले में एक नाबालिग को दो महीने तक वयस्क क़ैदियों के साथ जेल में रखे जाने पर द वायर हिंदी की रिपोर्ट का एनएचआरसी ने संज्ञान लिया है, जिसके बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने उक्त किशोर को 'दिनेश' कहते हुए बालिग होने का दावा किया है. दिनेश नाबालिग के बड़े भाई हैं और उनका आरोप है कि पुलिस ने उन्हें एक वीडियो में अपने भाई द्वारा उनका आधार कार्ड चुराकर नौकरी करने की बात स्वीकारने को कहा है.

श्रुति शर्मा
23/06/2026 भारत/विशेष

नई दिल्ली: नोएडा मजदूर आंदोलन से जुड़े मामले में एक 16 वर्षीय नाबालिग नितिन (परिवर्तित नाम) को लगभग दो महीने तक वयस्क कैदियों के साथ जेल में रखे जाने संबंधी द वायर हिंदी की रिपोर्ट पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा स्वतः संज्ञान लिया गया है.

इसके बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने एक बयान जारी कर दावा किया कि गिरफ्तारी के समय उसने स्वयं अपनी उम्र 19 वर्ष बताई थी, और प्रारंभिक चिकित्सीय परीक्षण में उसकी उम्र '18 वर्ष दर्ज की गई थी.'

इसके अलावा पुलिस ने अपने बयान के साथ एक आधार कार्ड की प्रति जारी की, जिसमें जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 और नाम 'दिनेश' दर्ज है. पुलिस के अनुसार, यह आधार कार्ड 'नितिन* उर्फ़ दिनेश' का है. बयान में कहा गया कि वह नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत था और नियुक्ति के समय जमा किए गए आधार कार्ड में उसकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2007 दर्ज थी.

हालांकि, नितिन के वकील माणिक गुप्ता यह पुष्टि करते हैं कि पुलिस ने अपने बयान के साथ जो आधार कार्ड की प्रति लगाई है वह नितिन* उर्फ़ दिनेश की नहीं है, बल्कि उनके बड़े भाई दिनेश की है.

गौरतलब है कि दिनेश ने इससे पहले द वायर हिंदी के साथ बातचीत में यह स्पष्ट किया है कि उन्होंने कभी भी नोएडा में काम नहीं किया है. उन्होंने बताया कि नितिन* की गिरफ़्तारी से पहले हाल के दिनों में वह सिर्फ़ एक मौके पर नोएडा आए थे.

दिनेश कहते हैं, 'मैंने नोएडा का रास्ता भी नहीं देखा हुआ है. मैंने सिर्फ़ पंजाब और हरियाणा में मजदूरी की है.' दिनेश ने यह भी दावा किया कि उनका भाई नितिन भी नोएडा की किसी फैक्ट्री में काम नहीं करता था, बल्कि एक किराने की दुकान पर हेल्पर (सहायक) था.

ज्ञात हो कि नोएडा मज़दूर आंदोलन के संबंध में नितिन को 14 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था. उनके आधार कार्ड पर उनकी उम्र 16 वर्ष दर्ज है, लेकिन उनके साथ वयस्क आरोपियों की तरह व्यवहार किया गया और लगभग दो महीने तक जेल में रखा गया था. अस्थि परीक्षण (ओसिफ़िकेशन) जांच यानी अनुमानित उम्र का पता लगाए जाने के लिए की जाने वाली जांच में नाबालिग साबित होने के करीब एक हफ़्ते बाद 12 जून को उन्हें जुवेनाइल होम में स्थानांतरित किया गया. बाद में 18 जून को उन्हें जमानत पर रिहा किया गया.

हालांकि, एफआईआर संख्या 165 में उन्हें कोर्ट द्वारा 29 मई को जमानत दे दी गई, लेकिन 45 हज़ार की जमानत राशि नहीं दे पाने के कारण उन्हें 3 और हफ़्ते जेल में गुज़ारने पड़े.

इसके बाद 19 जून को एनएचआरसी ने नितिन के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी. साथ ही एनएचआरसी की जांच शाखा को मौके पर जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया.

पुलिस पर गंभीर आरोप

नितिन* के बड़े भाई दिनेश ने द वायर हिंदी को बताया कि 20 जून को शाहजहांपुर जिले स्थित उनके गांव पुलिस आई और उनसे नितिन के बारे में पूछताछ की. दिनेश के अनुसार, पुलिस ने उनसे कहा कि 'तुम्हारा भाई तुम्हारे आधार कार्ड का इस्तेमाल कर नोएडा की एक निजी फैक्ट्री में काम करता था.'

दिनेश ने पुलिस के इन दावों को ख़ारिज करते हुए कहा, 'नितिन किसी फैक्ट्री में नहीं बल्कि किराने की दुकान में काम करता था. और अगर मान भी लिया जाए कि नितिन मेरे आधार कार्ड का इस्तेमाल कर भी रहा था, तो क्या फैक्ट्री वालों को यह समझ नहीं आएगा कि वह दूसरे के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर रहा है और उसकी उम्र क्या है.'

दिनेश ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'मेरे गांव आए पुलिसवालों ने मुझे एक वीडियो रिकॉर्ड करने को कहा, जिसमें मुझे यह कहना था कि मैं कभी नोएडा नहीं गया हूं और नितिन मेरे आधार कार्ड का इस्तेमाल कर वहां काम करता था.'

दिनेश ने कहा, 'मुझसे कहा जा रहा था कि मैं वीडियो रिकॉर्डिंग में यह बोलूं कि मेरा भाई मेरा आधार कार्ड लेकर नोएडा में काम करता था. लेकिन सच्चाई यह है कि मेरे भाई ने कभी मेरा आधार कार्ड नहीं लिया.'

द वायर हिंदी द्वारा यह पूछे जाने पर कि पुलिस के पास उनका आधार कार्ड कैसे पहुंचा, दिनेश कहते हैं, 'नितिन के जेल जाने के बाद कानूनी प्रकिया और उससे मिलने के दौरान मैंने कई बार अपने आधार कार्ड की प्रति पुलिस और अन्य अधिकारियों के पास जमा कराई थी. वहीं से पुलिस को मिला होगा.'

दिनेश ने यह भी बताया कि पुलिस ने उनसे किसी पेपर पर साइन भी करवाए. दिनेश बताते हैं कि उस पर शायद यह लिखा था कि वे मज़दूर हैं और ईंट भट्ठे पर काम करते हैं.

उधर, नितिन के वकील माणिक गुप्ता का कहना है कि पुलिस यह सब कहानियां ख़ुद को बचाने के लिए गढ़ रही है.

पुलिस के दावे की पड़ताल: क्या हो रही है भरमाने की कोशिश?

एनएचआरसी को जवाब देते हुए गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने अपने बयान में दावा किया है कि 'नितिन उर्फ़ दिनेश' ने उनसे अपनी उम्र 19 वर्ष बताई थी.

हालांकि, ज़मानत मिलने के बाद द वायर हिंदी से बातचीत में नितिन ने बताया कि 'पुलिस जब भी मेरी उम्र पूछती थी तो मैं उन्हें अपनी उम्र 16 वर्ष बताता था, लेकिन वे मेरी उम्र 18-19 साल लिख देते थे.' नितिन ने कहा कि उन्होंने पुलिस या किसी अन्य कर्मी को कभी नहीं बताया कि उनकी उम्र 19 वर्ष है.

पुलिस ने यह भी दावा किया है कि 'नितिन उर्फ़ दिनेश पुत्र रामदीन कंपनी स्टोंच इलैक्ट्रोनिक इंडिया एलएलपी ए-9, सेक्टर 83, फेज 2 में कार्यरत था, और उसने कंपनी में पंजीकरण करते समय दिनेश, 19 वर्ष (बालिग), नाम से बने आधार कार्ड को दाख़िल किया था.'

नितिन ने भी इस बात की पुष्टि की है कि वह कभी किसी फैक्ट्री या कंपनी में काम नहीं करता था, बल्कि भंगेल इलाके में एक किराने की दुकान पर काम करता था.

मज़दूर आंदोलन में अपनी भूमिका से इनकार करते हुए नितिन ने कहा था, 'वो आंदोलन फैक्ट्री में काम करने वाले कर रहे थे, मेरा उससे कोई लेना देना ही नहीं था, मैं तो दुकान पर काम करता था.'

पुलिस के बयान के बाद नितिन के वकील माणिक गुप्ता ने भी कई सवाल उठाए हैं. पुलिस अपने बयान में नितिन को 'नितिन उर्फ दिनेश' कह कर संबोधित कर रही है.

इसे लेकर गुप्ता कहते हैं, 'पुलिस कमिश्नरेट द्वारा गिरफ्तार किए गए किशोर को 'नितिन उर्फ दिनेश' बताया जाना समझ से परे है. दिनेश कोई उपनाम नहीं बल्कि नितिन का बड़ा भाई है.

वकील का आरोप है कि पुलिस अब दोनों भाइयों की पहचान को लेकर भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि नितिन के मामले में उठे सवालों के बाद पुलिस अपनी कार्रवाई को सही ठहराने के लिए नए स्पष्टीकरण तलाश रही है.

माणिक गुप्ता ने आशंका जताई कि पुलिस अब दिनेश को भी इस मामले में फंसाने की कोशिश कर सकती है.

उन्होंने द वायर हिंदी से कहा, 'नितिन के मामले में जो कुछ हुआ है, उसके बाद ऐसा लगता है कि पुलिस अब अपना चेहरा बचाने की कोशिश कर रही है. हमें आशंका है कि दिनेश को भी इस मामले में घसीटा जा सकता है.'

दिनेश ने भी यही डर ज़ाहिर किया है. वह कहते हैं, 'अगर पुलिस नितिन के बाद अब मुझे भी फंसाती है तो फिर मैं क्या करूंगा! नितिन के मामले में मेरे परिवार को इतनी परेशानियां झेलनी पड़ी है, अगर अब मुझे फंसाया जाता है तब मेरा परिवार और तबाह हो जाएगा. मुझे समझ नहीं आ रहा पुलिस मेरे जैसे

गरीब परिवार के पीछे क्यों पड़ी है.’

क्या कहती है पुलिस?

नितिन के वकील माणिक गुप्ता ने द वायर हिंदी को बताया कि नोएडा फेज-2 थाने के एसआई नवनीत कुमार ने दिनेश को उनके गांव जाकर एक वीडियो बनाने के लिए  कहा था. गुप्ता का दावा है कि नवनीत कुमार ने उनसे फोन पर हुई बातचीत के दौरान इस बात को स्वीकार भी किया था.

हालांकि, द वायर हिंदी द्वारा जब उनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने इस बात से स्पष्ट इनकार किया. उनका कहना था कि वह शाहजहांपुर जिले में नितिन के गांव गए ही नहीं हैं और उन्हें दिनेश से वीडियो बनवाने के कथित प्रयास के बारे में कोई जानकारी नहीं है.

इससे पहले द वायर हिंदी ने रविवार देर रात गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट को ईमेल के माध्यम से सवाल भेजे हैं, जिनका इस रिपोर्ट के प्रकाशन तक कोई जवाब नहीं मिला है.

सोमवार को द वायर हिंदी ने इन आरोपों के संबंध में नोएडा फेज-2 थाने से भी संपर्क किया. दोपहर 2:26 बजे थाने की ओर से जिस व्यक्ति ने फोन उठाया उनका कहना था कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है और वे कुछ देर में इसकी जानकारी लेकर बताएंगे. इसके बाद शाम 4:14 बजे थाने से दोबारा संपर्क किया गया. इस बार फोन उठाने वाले शख्स ने ख़ुद को एसएसआई बताया, लेकिन सवाल पूछे जाने पर पिछला जवाब ही दोहराया गया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है और वे जानकारी प्राप्त कर बताएंगे.

इसके बाद द वायर हिंदी द्वारा गौतमबुद्ध नगर पुलिस के मीडिया सेल से भी संपर्क किया. सोशल मीडिया सेल में सुशील नाम के व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है और इस बाबत थाना प्रभारी ही जानकारी दे सकते हैं.

इसी कड़ी में गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से भी संपर्क किया गया, लेकिन कॉल नहीं उठाया गया. पुलिस की ओर से जवाब मिलने पर रिपोर्ट में जोड़ा जाएगा.

(*बदला हुआ नाम)

Head Topics, Online News, 23/06/2026

**Source: https://in.headtopics.com/news/235423262344231115371-84805371**

लखनऊ अग्निकांड का मामला पहुंचा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, 15 छात्रों की मौत पर NHRC ने दर्ज की शिकायत

lucknow fire incident reaches national human rights commission nhrc registers complaint over the deaths of 15 students
📆 23-06-2026 02:35:00

लखनऊ के अलीगंज कोचिंग सेंटर में आग से 15 छात्रों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में देशभर के कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की जांच और छात्रों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

लखनऊ अग्निकांड का मामला पहुंचा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, 15 छात्रों की मौत पर NHRC ने दर्ज की शिकायत लखनऊ के अलीगंज कोचिंग सेंटर में आग से 15 छात्रों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज की गई है।अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में आग लगने से 15 छात्रों की मौत के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में उठाया गया है। नोएडा निवासी व पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी व शिक्षक रहे डा.

राजीव कुमार गुप्ता ने आयोग में शिकायत दर्ज कर देशभर के कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की जांच कराने और छात्रों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। आयोग ने शिकायत स्वीकार कर इसे डायरी संख्या 14383/आइएन/2026 के रूप में दर्ज किया है। डॉ.

गुप्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि लखनऊ के अलीगंज में हुई यह घटना कोई पहली दुर्घटना नहीं है। इससे पहले 27 जुलाई 2024 को दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में जलभराव की घटना में तीन छात्रों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 26 मई 2019 को अहमदाबाद में एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में 22 छात्रों की जान चली गई थी। शिकायत में कहा गया है कि देशभर में कोचिंग संस्थानों में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बड़ी संख्या में छात्र ऐसे छोटे-छोटे कमरों और बंद जगहों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जहां जीवन रक्षक सुविधाएं और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होते हैं। उन्होंने कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर पहले भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी, हालांकि उस मामले में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका। शिकायत में लखनऊ अग्निकांड के पीड़ितों में मयंक गुप्ता सहित 15 युवाओं का उल्लेख किया गया है। आयोग से मामले में हस्तक्षेप कर छात्रों के जीवन और सुरक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई है।

Hindustan Samachar, Online News, 23/06/2026

**Source: https://www.hindusthansamachar.in/Encyc/2026/6/22/NHRC-NOTICE-TAMILNADU-GOVT.php**

तमिलनाडु गैस रिसाव मामले का मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान
22 Jun 2026 19:00:53

नई दिल्ली, 22 जून (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में एक झींगा प्रसंस्करण कारखाने में अमोनिया गैस रिसाव मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। इस हादसे में दो महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक कर्मचारी बीमार पड़ गए। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।
प्रकाशित खबरों के अनुसार यह हादसा रविवार (21 जून) को उस समय हुआ, जब कारखाने के कर्मचारी पास के ही एक कमरे में आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया और जहरीली गैस उस कमरे में फैल गई। गैस के प्रभाव से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमरे में मौजूद अन्य लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। हादसे के तुरंत बाद 59 श्रमिकों को चेन्नई और तिरुवल्लूर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।
आयोग ने रिपोर्ट में श्रमिकों के स्वास्थ्य की स्थिति के साथ-साथ, मृतक श्रमिकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजा का विवरण भी शामिल करने का निर्देश दिया है।
---------------
हिन्दुस्थान समाचार / श्रद्धा द्विवेदी

**Source: https://vocaltv.in/national/nhrc-notice-tamilnadu-govtphp/cid18872139.htm**

तमिलनाडु गैस रिसाव मामले का मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान
By VocalTV Desk | Jun 22, 2026, 19:00 IST

नई दिल्ली, 22 जून (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में एक झींगा प्रसंस्करण कारखाने में अमोनिया गैस रिसाव मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। इस हादसे में दो महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक कर्मचारी बीमार पड़ गए। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

प्रकाशित खबरों के अनुसार यह हादसा रविवार (21 जून) को उस समय हुआ, जब कारखाने के कर्मचारी पास के ही एक कमरे में आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया और जहरीली गैस उस कमरे में फैल गई। गैस के प्रभाव से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमरे में मौजूद अन्य लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। हादसे के तुरंत बाद 59 श्रमिकों को चेन्नई और तिरुवल्लूर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

आयोग ने रिपोर्ट में श्रमिकों के स्वास्थ्य की स्थिति के साथ-साथ, मृतक श्रमिकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजा का विवरण भी शामिल करने का निर्देश दिया है।

---------------
हिन्दुस्थान समाचार / श्रद्धा द्विवेदी

**Source: https://ndtv.in/india/bihar-bharat-bhushan-tiwari-encounter-bihar-police-support-encounter-killings-encounter-nhrc-data-11672995**

बिहार के 10 में से 4 पुलिसवाले एनकाउंटर को मानते हैं सही, फिर क्यों फूटा गुस्सा? जानें कब चला सकते हैं गोली

बिहार में 17 जून को भरत भूषण तिवारी का एनकाउंटर हो गया था. इस पर बवाल बढ़ता जा रहा है. जानते हैं कि एनकाउंटर पर आंकड़े क्या कहते हैं?
Written by: प्रियंक द्विवेदी देश जून 23, 2026 07:42 am IST

नई दिल्ली:
बिहार के भोजपुर के बिलौती गांव में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर पर बवाल खड़ा हो गया है. इस एनकाउंटर को फर्जी बताया जा रहा है. आरोप है कि भरत तिवारी ने हथियार डाल दिए थे, सरेंडर कर दिया था, फिर भी पुलिस ने जानबूझकर गोली चलाई. वहीं, पुलिस का कहना है कि भरत लगातार गोली चला रहे थे, जिसके चलते जवाबी कार्रवाई में उनके पैर में गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई.

भरत तिवारी का एनकाउंटर 17 जून को हुआ था. लगभग एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी मामला शांत होता नहीं दिख रहा है.

बिहार सरकार ने इस एनकाउंटर की न्यायिक जांच कराने का आदेश दिया है. हालांकि, विपक्ष सरकार पर हमलावर है. आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने इसे 'फर्जी एनकाउंटर' बताते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से माफी मांगने की मांग की है.

हाई कोर्ट में याचिका दायर

भरत तिवारी एनकाउंटर का मामला पटना हाई कोर्ट तक पहुंच गया है. इस मामले में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें एनकाउंटर की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई है.

याचिका में कहा गया है कि एनकाउंटर से पहले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भरत तिवारी अपने हाथ में पिस्तौल लिए दिखाई दे रहे हैं. याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया कि अगर वह वाकई हथियारबंद था तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया या हथियार जब्त क्यों नहीं किया.

भरत तिवारी के परिवार वालों ने भी इस एनकाउंटर को फर्जी बताया है. उनका दावा है कि भरत ने सरेंडर कर दिया था.

क्या पुलिस ऐसे एनकाउंटर कर सकती है?
अक्सर जब भी एनकाउंटर होता है, तब पुलिस की ओर से यही कहा जाता है कि सामने वाला अपराधी गोलीबारी कर रहा था, जिसके जवाब में उन्हें भी गोली चलानी पड़ी. इस मामले में भी पुलिस का यही कहना है कि भरत तिवारी ने 10 से 12 गोलियां चलाई थीं.

खैर, पुलिस को गोली चलाने का अधिकार सिर्फ दो हालात में ही मिला है. पहला- सेल्फ डिफेंस यानी आत्मरक्षा. और दूसरा- अगर कोई अपराधी गिरफ्तारी से बचने की कोशिश करता है.

23 मार्च 1997 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के तत्कालीन अध्यक्ष जस्टिस एमएन वेंकटचलैया ने एक नोट भेजा था, जिसमें लिखा था- 'कानून के तहत पुलिस को किसी दूसरे व्यक्ति की जान लेने का अधिकार नहीं दिया गया है. अगर पुलिसकर्मी किसी व्यक्ति की जान ले लेता है तो वह गैर-इरादतन हत्या का अपराध है.'

उन्होंने अपने नोट में लिखा था, 'अगर मौत सेल्फ डिफेंस में होती है तो इसे अपराध नहीं माना जाएगा.' उन्होंने अपने नोट में क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (CrPC) की धारा 46 के प्रावधानों का जिक्र किया था. ये प्रावधान अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 43 में है. इस धारा के मुताबिक, पुलिस गिरफ्तारी के लिए बल का प्रयोग कर सकती है. हालांकि, पुलिस की ऐसी कार्रवाई में किसी ऐसी व्यक्ति की जान नहीं जानी चाहिए, जिसमें आजीवन कारावास या मौत की सजा के प्रावधान वाला अपराध न किया हो.

जस्टिस वेंकटचलैया ने अपने नोट में लिखा था- 'किसी मामले में एनकाउंटर में हुई मौत इन दो शर्तों में से किसी एक के तहत सही थी या नहीं, इसका पता सिर्फ सही जांच से लगाया जा सकता है और किसी और दूसरे तरीके से नहीं.'

इसके अलावा, भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 38 किसी व्यक्ति को आत्मरक्षा में किसी व्यक्ति की जान लेने को अपराध नहीं मानती. हालांकि, इस धारा में 7 परिस्थितियां बताई गईं हैं, जिनके तहत किसी की जान लेना आत्मरक्षा के दायरे में आती है.

एनकाउंटर पर क्या कहते हैं आंकड़े?
पुलिस एनकाउंटर में होने वाली मौतों का रिकॉर्ड राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के पास होता है. NHRC के पास 2023-24 तक का डेटा है. इसके मुताबिक, 2023-24 में देशभर में पुलिस एनकाउंटर में 105 लोगों की मौत हो गई थी. इससे पहले 2022-23 में 125 और 2021-22 में 159 लोगों की जान गई थी.

इस रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में पुलिस एनकाउंटर में सबसे ज्यादा 30 मौतें छत्तीसगढ़ में हुई थीं. हालांकि, इसकी एक वजह नक्सलियों का एनकाउंटर भी था. इसके बाद उत्तर प्रदेश में 15 मौतें हुई थीं. वहीं, बिहार में 5 लोगों की मौत एनकाउंटर में हुई थी.

2025 में कॉमन कॉज की एक रिपोर्ट आई थी. इसमें बताया गया था कि देशभर के 22% पुलिस वाले 'खतरनाक अपराधी' के एनकाउंटर को जायज ठहराते हैं. उनका मानना है कि अच्छे समाज के लिए ट्रायल के बजाय एनकाउंटर कभी-कभी सही होता है.

हैरान करने वाली बात ये है कि बिहार इस मामले में पहले नंबर पर है, जिसके पुलिस वाले एनकाउंटर को सही ठहराते हैं. बिहार के 41% पुलिस वाले एनकाउंटर को सही मानते हैं. इसका मतलब हुआ कि बिहार में हर 10 में से 4 पुलिस वाले एनकाउंटर को जायज ठहराते हैं. वहीं, केरल के सिर्फ 5% और उत्तर प्रदेश के 6% पुलिस वाले ही एनकाउंटर को सही मानते हैं.

**Source: https://newsonair.gov.in/hi/nhrc-takes-suo-motu-cognizance-of-ammonia-leak-incident-at-a-processing-factory-in-tamil-nadu/**

NHRC ने तमिलनाडु के प्रसंस्करण कारखाने में अमोनिया रिसाव की घटना का स्वतः संज्ञान लिया
News On AIR | जून 22, 2026 8:59 अपराह्न

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में एक झींगा प्रसंस्करण कारखाने में अमोनिया रिसाव के बाद दो महिलाओं की मौत और कई अन्य के बीमार पड़ने की मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है।

आयोग ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने राज्य सरकार को घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने का भी आदेश दिया है।

**Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-lucknow-fire-incident-reaches-national-human-rights-commission-nhrc-registers-complaint-over-the-deaths-of-15-students-40282073.html**

लखनऊ अग्निकांड का मामला पहुंचा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, 15 छात्रों की मौत पर NHRC ने दर्ज की शिकायत
By Vivek Rao Edited By: Sakshi Gupta
Updated: Tue, 23 Jun 2026 07:46 AM (IST)

लखनऊ के अलीगंज कोचिंग सेंटर में आग से 15 छात्रों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज की गई है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में आग लगने से 15 छात्रों की मौत के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) में उठाया गया है।

नोएडा निवासी व पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी व शिक्षक रहे डा.राजीव कुमार गुप्ता ने आयोग में शिकायत दर्ज कर देशभर के कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की जांच कराने और छात्रों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

आयोग ने शिकायत स्वीकार कर इसे डायरी संख्या 14383/आइएन/2026 के रूप में दर्ज किया है। डॉ. गुप्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि लखनऊ के अलीगंज में हुई यह घटना कोई पहली दुर्घटना नहीं है।

इससे पहले 27 जुलाई 2024 को दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में जलभराव की घटना में तीन छात्रों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 26 मई 2019 को अहमदाबाद में एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में 22 छात्रों की जान चली गई थी।

शिकायत में कहा गया है कि देशभर में कोचिंग संस्थानों में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बड़ी संख्या में छात्र ऐसे छोटे-छोटे कमरों और बंद जगहों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जहां जीवन रक्षक सुविधाएं और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होते हैं।

उन्होंने कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर पहले भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी, हालांकि उस मामले में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका।

शिकायत में लखनऊ अग्निकांड के पीड़ितों में मयंक गुप्ता सहित 15 युवाओं का उल्लेख किया गया है। आयोग से मामले में हस्तक्षेप कर छात्रों के जीवन और सुरक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई है।

| DATE | CHANNEL | TIME | DETAILS | DURATION | PROGRAM | AUTHOR | PERSONALITY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Vistaar News | 18:00 | आदिवासी बेटियों का सौदा अंबिकापुर में मानव तस्करी! | 02:15 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | NDTV India | 14:30 | क्या अगले साल तक Child Labour से पूरी तरह मुक्त हो पाएगा Uttar Pradesh?<br>-भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश ने संकल्प लिया है कि साल 2027 तक राज्य के किसी भी कोने में, किसी भी कारखाने, ढाबे या घर में कोई भी मासूम मजदूरी करता हुआ नहीं दिखेगा। लेकिन कागजी नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच के फासले को कैसे मिटाया जाए? इसी मुद्दे पर देश के जाने-माने बाल अधिकार एक्टिविस्ट और वकील भुवन ऋभु ने 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के मंच से एक बेहद व्यावहारिक और कड़ा रोडमैप दुनिया के सामने रखा है। | 23:25 Min | Manas | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Kalinga TV | 14:20 | Rayagada case: NCW seeks report from Odisha DGP<br>-The Odisha State Commission for Women (SCW) has recorded the statement of the victim of a disrobing and molestation incident in Rayagada district, while the NCW has sought an action taken report from the DGP.<br><br>Taking suo motu cognisance following media reports that the incident took place over rumours that the victim was a child-lifter, the National Commission for Women (NCW) on Monday sought details of the FIR lodged and the provisions invoked, the status of the investigation and arrests made, and action taken against those responsible for spreading rumours, besides medical care, counselling and rehabilitation provided to the survivor. The panel asked the DGP to submit the report within seven days. | 04:42 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | OTV | 17:30 | NCW Seeks Report on Rayagada Mob Violence; DGP Asked to Submit ATR Within 7 Days<br>-The National Commission for Women (NCW) has taken suo motu cognizance of the incident in Rayagada. It has registered a case considering the incident as a serious violation of human rights and a sensitive issue related to women's safety. | 06:28 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Kanak News | 17:30 | Kalyansinghpur Violence Case: National Commission for Women Steps In, Takes Serious Action<br>-The National Commission for Women (NCW) has taken suo motu cognizance of the Kalyansinghpur violence incident, raising serious concern over the situation.<br>The Commission has directed officials to investigate the matter and submit a detailed report.<br>The case has been treated with urgency due to concerns related to women's safety and law and order in the region.<br>Authorities are now expected to take appropriate steps based on the findings of the investigation.<br>The incident has sparked widespread attention and demands for strict action. | 01:06 Min | Breaking News | Aditi | |
| 22.06.2026 | TV9 Telugu | 11:30 | Kurnool Gangamma Case<br>-In a major development regarding the controversial custodial death case of Gangamma in Kurnool district, eyewitness Dargappa's official statement has been recorded following recent court orders. This high-profile case has seen a significant turn as the investigation intensifies and legal proceedings advance. Watch the video for complete details on the court's directives, the witness statement process, and what this update means for the ongoing investigation. | 00:52 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | TV9 Telugu | 19:30 | Ambati Rambabu Comments on Gade Sai Krishna Case<br>-YSRCP senior leader and former minister Ambati Rambabu made sensational comments regarding the mysterious disappearance and alleged custodial death case of Vijayawada youth Gade Sai Krishna. Speaking to the media, Ambati Rambabu demanded a strict and comprehensive investigation into the case, stating that interrogating the suspended Krishna Lanka Circle Inspector SSV Nagaraju will bring all the shocking facts and hidden realities out to light. He accused the police department of attempting a massive cover-up after the alleged lock-up incident. Watch the full video for Ambati Rambabu's sharp statements, political reactions, and the latest ground updates on the ongoing SIT probe. | 01:23 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | MediaoneTV | 19:20 | Child with ruptured appendix given medicine for gas; Complaint filed against Kozhikode Medical College Maternal and Child Hospital; Fourth-grader sought treatment \| | 04:51 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | 01st India | 14:00 | प्रसूताओं की मौत में नहीं चिकित्सकीय लापरवाही,चिकित्सा मंत्री गजेद्र सिंह खींवसर ने नागौर और डीडवाना के प्रकरण पर ली रिपोर्ट,रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सा मंत्री खींवसर ने दी फर्स्ट इंडिया को जानकारी,बताया-'नागौर में 21 वर्षीय प्रसूता की सुबह हुई थी डिलीवरी,'दोपहर बाद अचानक प्रसूता को हुआ चेस्ट पेन और उल्टियां,'चिकित्सकों के हर संभव प्रयास के बावजूद भी नहीं बचाया जा सका' जबकि दूसरी ओर डीडवाना के प्रकरण को लेकर बोले चिकित्सा मंत्री खींवसर,कहा -'खुनखुना निवासी मोनिका स्थानीय स्तर पर ले रही थी ट्रीटमेंट,'कल अलसुबह उसे राजकीय बांगड़ अस्पताल में कराया गया भर्ती' 'जहां 200/150 चल रहा था प्रसूता का ब्लड प्रेशर 'चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर को मेंटेन करने का हरसंभव प्रयास किया,'लेकिन दुर्भाग्यवश प्रसूता को नहीं बचाया जा सका,चिकित्सा मंत्री ने दोनों ही प्रकरणों में किसी भी लापरवाही से किया इनकार,खींवसर ने कहा-'हमारे चिकित्सा संस्थान मरीजों की सेवा के लिए 24X7 लगातार कार्यरत,'हमारे चिकित्सकों पर भरोसे का ही परिणाम कि रोजाना हजारों की तादाद में मरीज ले रहे ट्रीटमेंट,'हमारे चिकित्सा संस्थानों में प्रसव की सफलता दर 99.99 फीसदी है, चिकित्सा मंत्री ने कहा-'इस तरह भ्रांतियां फैलाकर आमजन को गुमराह करना गलत' | 07:40 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | News18 Rajasthan | 12:20 | जोधपुर :, 8 प्रसूताओं की सिजेरियन डिलीवरी के बाद बिगड़ी तबीयत...<br>कोटा और बीकानेर के बाद जोधपुर के पावटा जिला अस्पताल का है मामला...<br>20 जून को सभी की सिजेरियन डिलीवरी होने की है सूचना ...<br>6 प्रसूताओं को सेप्टीसीमिया और दो प्रसूताओं की किडनी खराब होने की सूचना ...<br>दो प्रसूताओं की हालत बताई जा रही गंभीर ...<br>दोनों को एमडीएम अस्पताल की आईसीयू में कराया गया भर्ती...<br>संक्रमण की आशंका के चलते ऑपरेशन थिएटर को किया गया सीज..<br>दवाओं के लिए गए सैंपल.. | 05:43 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | Bharat Samachar | 13:30 | Rajasthan Hospital News: Kota, Bikaner और Jodhpur के बाद Didwana में डिलीवरी के बाद महिला की मौत<br>-डीडवाना के गवर्नमेंट बांगड़ जिला अस्पताल में डिलीवरी के दौरान एक महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दी है।<br><br>वहीं, कार्यवाहक पीएमओ ने बताया कि प्रसव के दौरान महिला को अचानक 'ताण' (दौरे) आने से उसकी मौत हुई है। | 04:20 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Republic Bharat | 19:40 | बीकानेर में 48 घंटे में दो प्रसूताओं की मौत से मंचा हड़कंप.<br>राजस्थान के बीकानेर संभाग के सबसे बड़े पीबीएम (PBM) अस्पताल से एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहाँ सिजेरियन डिलीवरी (ऑपरेशन) के बाद गंभीर इन्फेक्शन और किडनी फेल होने के कारण दो प्रसूताओं की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य महिलाओं की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। | 04:44 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | News24 | 16:10 | हिमाचल में डॉक्टरों की लापरवाही! डिलीवरी के बाद महिला की मौत, एक दिन की नवजात ने खोई मां<br>-हिमाचल प्रदेश में कथित चिकित्सकीय लापरवाही का दर्दनाक मामला सामने आया है। डिलीवरी के बाद महिला की मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। महज एक दिन की नवजात बच्ची जन्म लेते ही मां के साये से वंचित हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं | 05:30 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | News24 Rajasthan | 19:10 | Nagaur : Delivery के बाद महिला की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, मचा हडकंप | 01:11 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | Prabhat Khabar | 13:20 | Bharat Tiwari मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग ने DGP से लेकर SP तक को किया तलब<br>-भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में जांच तेज हो गई है और मानवाधिकार आयोग ने नोटिस जारी किया है. बिहार पुलिस मुख्यालय ने पहली बार कार्रवाई में चूक स्वीकार की है. मामले में SHO समेत 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है. अब इस केस की जांच वैज्ञानिक तरीके से की जा रही है और सबकी नजर रिपोर्ट पर टिकी है. | 02:51 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Kanak News | 14:30 | Kalayansinghpur case: NCW, NHRC seeks report from Odisha DGP<br>-The incident reportedly took place on the night of June 16 in Kalyansinghpur area of Rayagada after rumours of 'child lifters' spread in the locality, leading to an alleged attack on two interns of an NGO.<br><br>The Commission has sought detailed information on the FIR registered in the case, including provisions invoked under the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023. | 05:10 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | Kanak News | 19:30 | Rayagada Mob Assault Reaches NHRC; Chief Minister & Governor Impleaded<br>-In a major legal twist to the horrific Rayagada mob violence case, a formal petition has been filed before the National Human Rights Commission (NHRC). The petition demands heavy financial compensation for the brutally thrashed female NGO worker and seeks strict accountability from top state authorities. | 03:45 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Kalinga TV | 18:30 | NHRC, NCW Seeks Report From Odisha DGP On Rayagada Lynching Case<br>-The Odisha State Commission for Women has recorded the statement of a 22-year-old NGO worker who was allegedly disrobed and molested by a mob in Rayagada district, while the National Commission for Women has sought an action taken report from the state police chief. The NCW took suo motu cognisance of the incident after media reports said the attack took place over rumours that the woman was a child-lifter. | 04:20 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | Kanak News | 15:30 | Tamil Nadu Gas Leak Incident: NHRC Launches Suo Motu Investigation After Worker Death<br>-A tragic gas leak incident in Tamil Nadu has resulted in the death of a worker, triggering serious concern and immediate intervention by the National Human Rights Commission (NHRC).<br>The NHRC has taken suo motu cognizance of the case and ordered a detailed investigation into the circumstances surrounding the incident.<br>Authorities are now examining safety lapses and possible negligence that may have led to the fatal accident.<br>The incident has raised fresh questions about industrial safety standards and worker protection measures in the region. Further official updates are awaited as the investigation continues. | 01:26 Min | Breaking News | Abc | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22.06.2026 | Prameya News | 17:20 | Rayagada Mob Assault Case Reaches NHRC, Probe Demanded Into Incident<br>-In a major legal twist to the horrific Rayagada mob violence case, a formal petition has been filed before the National Human Rights Commission (NHRC). The petition demands heavy financial compensation for the brutally thrashed female NGO worker and seeks strict accountability from top state authorities. | 04:10 Min | Breaking News | Abc | |
| 22.06.2026 | TV9 Punjab-Himachal Pradesh-J&K | 15:00 | Punjab: पुलिस एनकाउंटर का मामला पहुंचा Human Rights Commission के पास, 35 मामलों ने बिगाड़ी कहानी!<br>- पंजाब स्टेट एंड चंडीगढ़ ह्यूमन राइट्स कमीशन ने राज्य में कथित पुलिस एनकाउंटरों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पंजाब मानवाधिकार संगठन (पीएचआरओ) के अध्यक्ष रंजीत सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने पंजाब के डीजीपी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने पंजाब पुलिस को एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 30 जून 2026 को निर्धारित की गई है। शिकायत में राज्यभर में हुए 35 पुलिस एनकाउंटरों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कई मामलों में पुलिस की कार्रवाई का पैटर्न लगभग एक जैसा दिखाई देता है। | 01:54 Min | Exclusive | Mohit Malhotra | |